वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ०प्र०)

Web: www.vbspu.ac.in
Email:connectpuregistrar@gmail.com

प्रेषक : कुलसचिव
वी०बी०एस०पू० विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

पत्रांक : 3196/पू.वि.वि./कु०स०/2024
दिनांक : 25 अक्टूबर, 2024

सेवा में,

1. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/शिक्षकगण
   विश्वविद्यालय परिसर।
2. समस्त प्राचार्य/प्रबन्धक
   सम्बद्ध महाविद्यालय
   वीर बहादुर सिंह पू०वि०वि०,जौनपुर।

विषयः समर्थ ई.आर.पी. के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय विश्वविद्यालय के पत्र संख्या 3192/पू.वि.वि./कु०स०/2024 दिनांक 25 अक्टूबर, 2024 एवं पत्र संख्या 588/पू.वि.वि./प०नि०का०/2024 दिनांक 23.10.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसमें शासन के निर्देशानुसार आपके महाविद्यालय/संस्थान में अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं का समर्थ पोर्टल पर दिनांक 25.10.2024 तक लॉगिन कराये जाने हेतु निर्देश दिया गया था किन्तु आप द्वारा अभी तक समस्त छात्र-छात्राओं का लॉगिन नहीं कराया गया है, जिससे स्पष्ट होता है कि आप शासन, विश्वविद्यालय के आदेशों का समयान्तर्गत अनुपालन करने में रूचि नहीं लेते हैं जो छात्र/छात्राओं के भविष्य के साथ घोर लापरवाही है।

अतः छात्र हित एवं संगठनों की विभिन्न मांगों के आलोक में पुनः एक बार अन्तिम अवसर देते हुए निर्देशित किया जाता है कि आप अपने महाविद्यालय/संस्थान में अध्ययनरत समस्त छात्र छात्राओं का समर्थ पोर्टल पर स्टूडेन्ट लॉगिन प्रत्येक दशा में 03 दिवस (दिनांक 28 अक्टूबर, 2024 तक) के अन्दर कराना सुनिश्चित करें। समर्थ पोर्टल पर स्टूडेन्ट लॉगिन न कराने की स्थिति में छात्र के समक्ष उत्पन्न होने वाली समस्या के लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. वित्तअधिकारी।
2. परीक्षा नियन्त्रक को इस आशय से कि उपरोक्त प्रकरण पर अपने स्तर से भी मॉनीटरिंग करने का कष्ट करें।
3. डॉ० आशुतोष सिंह, नोडल अधिकारी, समर्थ पोर्टल।
4. समस्त उप कुलसचिव।
5. निजी सचिव, कुलपति, मा० कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
6. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

कुलसचिव